# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक :– 2/अ0प्र0–1–93/2024 4295 /पटना, दिनांक :– 17.4.25

प्रेषक,

आदित्य प्रकाश,
अवर सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

**निबंधित/ई–मेल**

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– अंचल एवं अधीनस्थ प्रमंडल में कैशियर के रूप में कार्यरत कर्मियों से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक 7769 दिनांक 22.11.2024 एवं पत्रांक 2440 दिनांक 28.02.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपके अंचलाधीन/प्रमंडलाधीन कितने कर्मी कैशियर के रूप में कार्यरत हैं। उनकी कैशियर के रूप में पदस्थापन अवधि तथा स्थान का उल्लेख करते हुए तत्संबंधी सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध प्रासंगिक पत्रों द्वारा की गयी।

उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, नवगछिया के पत्रांक 2092 अनु0 दिनांक 05.12.2024, कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मोहनियाँ (कैमूर) के पत्रांक 2692 दिनांक 03.12.2024 एवं कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, तेघड़ा के पत्रांक 1491 दिनांक 03.12.2024 द्वारा उनके क्षेत्राधीन अंचल एवं अधीनस्थ प्रमंडल में कैशियर के रूप में कार्यरत कर्मियों से संबंधित सूचना विभाग को उपलब्ध कराया गया है एवं अन्य प्रमंडलों में कैशियर के रूप में कार्यरत कर्मियों से संबंधित प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि शेष अंचल एवं अधीनस्थ प्रमंडलों से वांछित सूचना समेकित रूप से तैयार कर सात दिनों के अंदर विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

17/4/25

(आदित्य प्रकाश)
अवर सचिव

**ज्ञापांक :–** 2/अ0प्र0–1–93/2024 4295 /पटना/दिनांक :– 17.4.25

**प्रतिलिपि :–** आई.टी. मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/4/25

अवर सचिव

(d*) Phone-0612-2545191 Fax-0612-2545322, Website:- http//rwdbihnic.org, E-mail : secretaryrwdbihar@gmail.com, secy-reo-ih@nic.in